## घर में लगी आग, कीमती सामान जले

**इटकी (आजाद सिपाही)।** सोनार टोली निवासी ओम सोनी के घर में शुक्रवार की देर रात करीब दो बजे अचानक आग लग जाने से कीमती सामान जल कर राख हो गये। वहीं, आग की लपटों में आने से एक कमरे में सो रहे सौरभ सोनी भी सामान्य रूप से झुलस गये। जिनका एक नीजि अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया गया। जानकारी के मुताबिक मकान मालिक अपने निजी कार्य से परिवार के साथ पश्चिम बंगाल के कोलकाता गये हैं। इसी बीच संभवतः बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गयी। इस बाबत बताया जा रहा कि राहुल सोनी और सौरभ सोनी खाना खाने के बाद मकान के एक कमरा में सोने चले गये। तभी देर रात दो बजे सीढ़ी रूम में आग लग गई। गहरी नींद में सो रहे राहुल और सौरभ सोनी की आग की तपीस से नींद खुल गई। दोनों घबरा कर कमरे का दरवाजा खोलना चाते पर दरवाजा लॉक हो गया। किसी तरह वे लोग दरवाजा तोड़ कर बाहर निकले, लेकिन आग की लपटों से घिर जाने के कारण सौरभ सोनी झुलस गये। बाहर निकल कर आसपास के लोगों को आग लगने की सूचना दी। इसके बाद लोगों के घटों प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि आग लगने के कारण घर में रखा फ्रीज, अलमिरा, पलंग और सोफा सहित कई अन्य कीमती समान जल कर राख हो गये।

## जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** बढ़ती ठंड को देखते हुए स्वर्गीय विजय नायक वेलफेयर ट्रस्ट ने लालखटंगा गांव में गरीब, असहाय और जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण किया। ट्रस्ट के इस कदम ने ठंड से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत दी है। इस दौरान पूर्व मुखिया रितेश उरांव ने कहा कि ट्रस्ट के सदस्य हमेशा जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर रहते हैं। ट्रस्ट का उद्देश्य क्षेत्र के गरीब और असहाय लोगों को सहायता प्रदान करना है। जरूरत पड़ने पर ट्रस्ट के सदस्य हरसंभव प्रयास करते है, ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके। इस मौके पर लालखटंगा पंचायत के पूर्व मुखिया रितेश उरांव, ग्राम प्रधान राजेश टोप्पो, सुरेश नायक, विक्की नायक, राजेंद्र ठाकुर, अजीत उरांव, साइमन मुंडा, माधव गाड़ी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## दरहाटाड़ बाल शिक्षा निकेतन का 19वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



**इटकी (आजाद सिपाही)।** दरहाटाड बाल शिक्षा निकेतन का 19वां स्थापना दिवस शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मारुति मंगल परिवार के अध्यक्ष विक्रम महतो ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक शैक्षिक देशभक्ति सहित कई कार्यक्रम पेश किए। विद्यालय के संरक्षक हीरा महतो ने विद्यालय के 19 वर्षों के सफर व प्रगति प्रतिवेदन पेश किया। इस मौके पर सुमेश कुमार महतो, मदन कुमार, पवन कुमार, संजीव कुमार, हीरा महतो, शिक्षक मनोहर कुमार, आदित्य कुमार, मोती, अरुण, अर्पण मुकेश, रंजीत, विकास और सरोज आदि उपस्थित थे।

## शहीद हरखनाथ महतो की पुण्यतिथि मनायी गयी



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गोंदलीपोखर चौक में शनिवार को शहीद हरखनाथ महतो का शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जैलेंद्र कुमार, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, जलनाथ चौधरी, रोशनलाल मुंडा, रामानंद बेदिया, अजय महतो, वीरेंद्र भोगता, नीलकंठ चौधरी, आतिश महतो, मार्शल महतो सहित परिजनों ने शहीद हरखनाथ महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि शहीद हरखनाथ महतो के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने देश, राज्य और समाज की रक्षा के लिए सर्वस्य न्योछावर कर दिया। मौके पर सिकंदर अंसारी, सिवलाल महतो, दुर्गा महतो, राजू प्रमाणिक, नरेश साहू, सुप्रेष महतो, संजय महतो, सुरेश महतो, विमला चौधरी, अरविंद पासवान, रामपोदो महतो सहित शहीद के पिता, पत्नी, भाई, पुत्र व पुत्री आदि मौजूद थे।

# पुश जतरा 28 को, शामिल होंगी मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की

## पुश जतरा पुर्खों की देन, जिसे बचा कर रखना सभी की जिम्मेदारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग के फतेहपुर में पुश जतरा को लेकर शनिवार को बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता बुधवा पहान ने की। बैठक में 28 दिसंबर को पुश जतरा लगाने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। इस मेला में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य की कृषि पशुपालन सह सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को आमंत्रित किया गया है। यह पुश जतरा वर्षों से लगते आ रहा है। इससे जीवंत रूप देने में फतेहपुर गांव सरना, सनातन (हिंदू) मुस्लिम सभी जाति के लोगों का सहयोग रहा है। वक्ताओं का कहना है कि पुश जतरा हमारे पूर्वजों की देन है। उसे हमें बचा कर रखना है। इस जतरा में नागपुरी आर्केस्ट्रा का आयोजन होगा। साथ ही मुर्गा लड़ाई आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस जतरा में मुख्य रूप से तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मुकेश कश्यप सहित कई गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। वहीं, पुश जतरा की पहले की कमेटी को ही बरकरार रखा गया है। जिसके अध्यक्ष सूरज कुमार साहू, सचिव असलम मियां, कोषाध्यक्ष पवन बारला, महामंत्री रामकिशोर साहू, कार्यकारी अध्यक्ष धूमा मुंडा व संरक्षक मो सईद मियां, रामप्रसाद साहू, मनोज साहू, दिनेश राम, रामवृत महतो, हरिश्चंद्र राम आदि शामिल है।


पुश जतरा के आयोजन को लेकर हुई बैठक में शामिल लोग।

# बोकारो सदर अस्पताल की व्यवस्था देख विधायक श्वेता हुईं नाराज, सिविल सर्जन को लगायी फटकार

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** विधायक श्वेता सिंह ने क्षेत्र की जनता की शिकायत को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए शनिवार को बोकारो सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल के प्रसूति विभाग में भर्ती महिलाओं, जनरल वार्ड में भर्ती मरीजों एवं ओपीडी सेवाओं का जायजा लिया। इसके बाद वहां की जर्जर व्यवस्था को देखकर बेहद नाराज हुई। उन्होंने सिविल सर्जन को तत्काल फटकार लगाते हुए कहा कि 48 घंटे के अंदर सभी जर्जर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने एवं प्रसूति विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। कहा कि क्षेत्र की जनता लगातार बोकारो सदर अस्पताल के अव्यवस्थित कार्य प्रणाली से परेशानी झेलती है। आए दिन यहां के मरीजों की मौत की खबरें अखबारों में छपना आम बात हो गई हैं जिससे वर्तमान सरकार की बदनामी भी हो रही है। प्रसूती विभाग में भर्ती एक पीड़ित महिला ने रोते हुए अपने नवजात शिशु की मौत की शिकायत विधायक श्वेता सिंह से की। कहा कि डॉ रेखा की लापरवाही के कारण उसके बच्चे की मौत हुई है। उक्त मामले में विधायक ने सिविल सर्जन से डॉ रेखा को तत्काल सस्पेंड करने को कहा है। बतातें चलें कि सदर अस्पताल आम जनता के लिए संजीवनी है जिससे हजारों लोग लाभ लेते है, लेकिन अगर ऐसी बदहाल व्यवस्था रहेगी तो जनता हमेशा परेशानी झेलती रहेगी।



## बेड़ो सीएचसी में महिला बंध्याकरण शिविर का आयोजन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** एमओयू संस्था पीएचएसआई के तत्वावधान में शनिवार को बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला बंध्याकरण ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सर्जन डॉ टी मुनी रत्नम व उनकी टीम की ओर से लैप्रोस्कोपिक डबल पंक्चर लाईजेशन पद्यति से 30 से भी अधिक महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ सुमित्रा कुमारी ने बताया कि लाभार्थियों को क्षतिपूर्ति राशि के रूप में 2000 रुपये व उत्प्रेरकों को 300 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पुरुष नसबंदी माह चल रहा है। इसमें लाभार्थियों को क्षतिपूर्ति के लिए 3000 रुपये व उत्प्रेरकों को 400 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। वहीं शिविर को सफल बनाने में डॉ सुमित्रा कुमारी, बीपीएम अमिता लाल, बीटीटी रविन्द्र वर्मा, पंकज कुमार, प्रेम कुमार गुप्ता, स्टेट मैनेजर कुमार वैभव, डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अविनाश कुमार, जीएनएम रौशनी टोप्पो, नीतू, गुड्डी टोप्पो, पुष्पलता तिग्गा आदि मौजूद थे।

## बेहतर व उच्च शिक्षा के लिए सेमिनार उपयोगी सिद्ध होगा: अविनाश

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** शहर के टाउन हॉल में पलामू के संत मरियम स्कूल और देश के अग्रणी शिक्षण संस्थान में शुमार मेंटर्स एड्यूसर्व की ओर से संयुक्त रूप से शनिवार को कैरियर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। मेंटर्स एड्यूसर्व के असिस्टेंट निदेशक मनीष जायसवाल, सीनियर रसायन शास्त्र प्रमुख राहुल राजा, भौतिक शास्त्र प्रमुख प्रकाश ओझा, संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव और प्राचार्य कुमार आदर्श ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मेंटर्स के रसायन विभाग प्रमुख राहुल राजा ने कहा कि विगत कई वर्षों में लगभग 4000 से ज्यादा बच्चों को हमारे संस्थान ने आइआइटी और मेडिकल के विभिन्न संस्थाओं में दाखिला कराया है। झारखंड के टॉप स्कूल के साथ जुड़कर हमने विगत कई वर्षों से झारखंड टॉपर दिया है। उसी कड़ी में पलामू प्रमंडल में बच्चों को पारंगत बनाने के लिए आज हम लोग संत मरियम स्कूल के साथ जुड़ रहे हैं। वहीं, भौतिक विभाग प्रमुख प्रकाश ओझा ने कहा कि हम सभी का प्रयास है कि बच्चे को आइआइटी और नीट जैसे कठिन परीक्षा के लिए हम पलामू में ही संत मरियम स्कूल के सौजन्य से बड़े शहरों की शिक्षा उपलब्ध करा सकें। वहीं, संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि आज का यह सेमिनार पलामू में अध्यनरत बच्चों और अभिभावक के लिए मिल का पत्थर साबित होगा, क्योंकि आज के बाद बच्चों को आइआइटी और नीट जैसे कठिन परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोटा, दिल्ली, पटना और रांची जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। क्योंकि वहां के प्रतिष्ठित शिक्षक स्कूल इंटीग्रेटेड प्रोग्राम के माध्यम से हमारे स्कूल के साथ जुड़ रहे है, ताकि पलामू के बच्चे भी आइआइटी, नीट जैसे परीक्षाओं में टॉप स्थान प्राप्त करें। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रवीण दुबे ने किया। मौके पर संगीत शिक्षक श्याम किशोर पांडेय, विकाश विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।



## राइट टू किक की टीम बनी बालिका फुटबॉल की विजेता

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** फुटबॉल मैदान में चल रहे जनकल्याण समर्पण संस्थान खेल महोत्सव के 21वें दिन बालिका फुटबॉल का फाइनल की विजेता राइट टू किक रांची की टीम बनी। वहीं, युवा सचिन तेंडुलकर की टीम उपविजेता बनी। पाइनल मैच का फैसला पेनाल्टी शूटआउट से हुआ। जिसमें राइट टू किक 4-3 गोल के अंतर से विजयी रही. मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार राइट टू किक की खिलाड़ी अलीशा कुमारी को दिया गया, जबकि मैन ऑफ द सीरीज युवा सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन की शांति कुमारी को मिला। विजेता टीम को 31 हजार, बड़ा ट्रॉफी सर्टिफिकेट, जबकि उपविकेता टीम को 21 हजार रुपये, छोटा ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार, विधायक प्रतिनिधी अजगुत करमाली ने सम्मानित किया। वहीं, 400 मीटर सिनियर बालिका वर्ग दिया थापा क्षेत्री स्वर्ण, लतिका सोपवार रजत, आंचल कुमारी कांस्य, जूनियर में सिवानी कुमारी, श्रेया कुमारी रजत, स्वाति कांस्य, सब जूनियर में प्रियंका कुमारी स्वर्ण, स्वाति कुमारी रजत, मयूती कुमारी कांस्य, जूनियर बालक वर्ग में संदीप मुंडा स्वर्ण, श्रवण मुंडा रजत, अशीष थापा कांस्य, सब जूनियर अनिकेत करमाली स्वर्ण, सौरव करमाली रजत, आदित्य प्रजापति ने कांस्य पदक जीता। अध्यक्ष सुजीत कुमार ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। संचालन कोषाध्यक्ष रमण कुमार व ब्रज किशोर प्रसाद ने किया। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष कुंती देवी, महासचिव सत्यपाल राउत, खेल प्रभारी राष्ट्रीय तैराक अमन कुमार जायसवाल, राष्ट्रीय तैराक पिंकी कुमारी, सचिव राजकुमार, मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार दीपू, सरायकेला जिलाध्यक्ष कमलकांत साव, संदीप कुमार वर्मा, कृष्ण गोपाल भद्र पोप, माघु करमाली, निर्णायक मंडली के विवेक बेदिया, राजेश मुंडा, अजीत कुमार, उमाकांत शुक्ला, मिथिलेश तिवारी, रोहित कपटदार, रवि करमाली आदि मौजूद रहे।

## ग्रीन फाइटर ने 2-1 गोल से रेड टाइगर को हराया



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** लुपुंग मिनी स्टेडियम में आयोजित फुटबॉल का महा मुकाबला काफी रोमांचक रहा। मुख्य मुकाबला रेड टाईगर एवं ग्रीन फाइटर के बीच हुआ, जिसमें ग्रीन फाइटर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रेड टाईगर को 2-1 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले मुख्य अतिथि बीआइटी मेसरा के उप रजिस्ट्रार सौरव कुमार एवं अनगड़ा थाना के एएसआई सचिन लकड़ा आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मुकाबले को शुरू कराया। विजेता टीम की ओर से बबलू मुस्ताक एवं सुप्रेस महतो ने 1-1 गोल किए। मैन ऑफ दी मैच विजेता टीम के गोलची नरेश साहू को घोषित किया गया। इस अवसर पर गेट टू गेदर कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें नागपुरी कलाकार मजबूल खान ने कौमी एकता पर एक गीत गाकर सभी को राष्ट्रीय भावना से ओत प्रोत कर दिया। संचालन डॉ रिझू नायक और स्वागत भाषण जलनाथ चौधरी व आतिश महतो जबकि धन्यवाद ज्ञापन दुर्गा महतो ने किया। पूरे आयोजन को सफल बनाने में शिवलाल महतो, जलनाथ चौधरी, आतिश महतो, रामानंद बेदिया, रामसाय मुंडा, जलेश महतो, राजू प्रमाणिक, दुर्गा महतो, राजेंद्र महतो, संजय नायक, सुप्रेस महतो, सुनील महतो, संजय महतो, राजेश महतो आदि ने अहम भूमिका निभाई। मौके पर जैलेंद्र कुमार, सुरेन्द्र महतो, डॉ रिझु नायक, रामपोदो महतो, रोशनलाल मुंडा, बरतू मुंडा, राजेंद्र मुंडा, सिकंदर अंसारी, मिनहाज आलम, रितु महतो, शंकर बैठा, पारसनाथ महतो, पन्नालाल महतो, रजाक अंसारी, सफीक अंसारी, डॉ दिनेश कुमार, सुरेश महतो, दुर्गा प्रमाणिक, महेंद्र महतो, नरेश साहू, बेनी महतो, साहेबराम महतो, बाबूराम महतो, झब्बूलाल महतो, खालिक खान, युनूस अंसारी, आशीष एरिक, विपिन मुंडा आदि मौजूद थे।

# पिकनिक मनाने गये तोपचांची के दो भाइयों की नदी में डूबने से मौत

## गम में मां की हालत भी नाजुक, जसीडीह थाना के जवान के थे बेटे

**कतरास (आजाद सिपाही)।** तोपचांची थाना क्षेत्र स्थित मदयडीह निवासी गिरधारी साव अपने परिवार के साथ पिकनिक मनाने राजधनवार गये थे। इस दौरान नदी में नहाने के दौरान उनके दो बेटों विशाल और विक्रम की डूबने से मौत हो गयी। घटना घोड़थंभा ओपी क्षेत्र के कोदवारी गांव के बगल स्थित गिरिडीह-कोडरमा जिले की सीमा पर बह रही हदहदवा नदी में घटित हुई। दोनों मृत बच्चों का शव शुक्रवार की रात तोपचांची मदयडीह लाया गया। एक साथ दो भाइयों का शव पहुंचते ही पूरा इलाका शोक में डूब गया। वहींस मृतक की मां की स्थिति भी बदहाल हो गयी है। वह रोते रोते बार-बार अचेत हो जा रही हैं। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को तोपचांची थाना क्षेत्र के मदयडीह गांव निवासी गिरधारी साव और झरी साव अपने बच्चों के साथ अपने रिश्तेदार के घर गुंडरी आए थे। सभी लोग अपने रिश्तेदारों के साथ हदहदवा नदी पर पिकनिक मनाने गए थे। सभी लोग व्यवस्था में व्यस्त थे। तभी 13 वर्षीय विशाल गुप्ता और पांच वर्षीय विक्रम कुमार नहाने चले गए. इस दौरान उनका पैर फिलस गया और झरना में गिर गये, जिससे दोनों की डूबने से मौत हो गयी। काफी देर बाद परिजनों ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को झरने से बाहर निकाला, तब तक उनकी मौत हो चुकी है। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।



# लापुंग प्रखंड के सरसा गांव में प्रकृति की गोद में बसा साांई मंदिर बना सैलानियों के आकर्षण का केंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** मनोरम प्राकृतिक वादियों के बीच लापुंग प्रखंड का सरसा गांव स्थित साई मंदिर अपने आध्यात्मिक व अनूठी स्थापत्य कला के कारण सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। घने जंगलों के बीच 35 एकड़ में फैले साईं मंदिर परिसर पहुंचते ही सैलानी अभिभूत हो उठते हैं। सालों भर सैलानी यहां के शांत वातावरण व प्रकृति की रमणीक खूबसूरत नजारों का आनंद लेते हैं। रांची से महज 50 किलोमीटर दूर साईं मंदिर, बेड़ो होकर पहुंचा जा सकता है। इस साईं मंदिर का शिलान्यास 10 जून, 1993 को पूर्व राज्यसभा सांसद स्वर्गीय ज्ञानरंजन ने किया था। साईं मंदिर के लिए स्थानीय आदिवासियों ने 35 एकड़ जमीन दान दी थी। 22 अप्रैल 1994 में यह मंदिर बनकर तैयार हुआ। जिसकी बनावट सप्तकोणीय है, जिसमें सात दरवाजे हैं। मंदिर की दीवारें कर्रा से मंगाए गए पत्थरों से बनी है। लाल टाली खपड़े की छत बनाई गई है। साईं मंदिर में जयपुर से मंगवाई गई संगमरमर की साईं बाबा की मूर्ति के अलावा दत्तात्रेय और भगवान गणेश जी का चित्र लगा है। मंदिर के अंदर दो नगाड़े और ज्ञानरंजन का चित्र भी है। महाराष्ट्र के शिरडी साईं बाबा की अखंड धुनी लाकर यज्ञशाला स्थापित की गई।



**गुरुवार है बाबा का दिन :** साईं बाबा ऐसे फकीर हैं जिन्हें हर धर्म के लोग श्रद्धा से पूजते हैं। इनकी आराधना किसी भी विशेष मुहूर्त या वार को की जा सकती है। लेकिन गुरुवार को इनकी पूजा का विशेष महत्व माना गया है। सभी धर्मों में गुरु का खास स्थान माना जाता है। साईं बाबा को गुरु मानने वाले सभी भक्त इस दिन बाबा के मंदिर जाते हैं। साईं मंदिर में प्रत्येक गुरुवार व रविवार को साईं भक्तों का ताता लगा रहता है। इसके अलावा नव वर्ष के प्रथम रविवार व 14 जनवरी को साईं परिवार व साईं सेवा समिति रांची की ओर से भव्य पूजा व भंडारा का आयोजन किया जाता हैं जिसमें लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं। साथ ही 23 व 24 अप्रैल को प्रत्येक वर्ष स्थापना दिवस मनाया जाता है। हर महीने की पूर्णिमा को सत्यनारायण कथा की पूजा होती हैं। साईं मंदिर परिसर में वीआईपी गेस्ट हाउस भी है। प्रत्येक दिन मंदिर में विभीषण पांडे, पंचाक्षरी हिरेमत व जागेश्वर भगत पुजारी के नेतृत्व में प्रातः पांच बजे से काकड़ आरती, धूप आरती, मध्याह्न आरती, संध्या आरती सेज आरती आदि कार्यक्रम आयोजित होते है। यहां आने वाले लोग अपने परिवार के साथ जंगल के किनारे वन भोज का भी आनंद लेते हैं। सभी कार्यक्रम शिरडी सरसा साईं मंदिर ग्राम विकास केंद्र संचालित करता है। इसके संरक्षक पूर्व मंत्री देव कुमार धान, व्यवस्थापक मनोज उरांव, अध्यक्ष संतोष चौरसिया, सचिव सतेंद्र भगत, कोषाध्यक्ष अमित लाल, लेखपाल राजेंद्र राम, कार्यालय प्रभारी माली राम उरांव, सहयोगी नाथुराम भगत, चंद्रसागर भगत, रामपाल भगत, कृष्णा भगत, सुभाष उरांव, गार्ड अजय भगत, कृपा उरांव, लोकनाथ उरांव, राजधन शेखर सिंह, पवन साहू, संतोष शर्मा, प्रसन्न कुमार, संतोष तिर्की, मनोज गुप्ता और अंजन अग्रवाल कार्यक्रम की निगरानी व पर्यटको का मार्गदशन करते है।




**रोजगार से जुड़े ग्रामीण : मेघराज :** ग्रामीण मेघराज बताते हैं कि साई धाम के विकसित होने से सरसा गांव के ग्रामीणों के जीवन में काफी सुधार आया है। यातायात सुगम हुआ और बिजली आई है। जो बड़ी उपलब्धि है। उन्हें रोजगार के अवसर भी मिले हैं। गांव को एक अलग पहचान भी मिली है। हमारी कोशिश है कि मंदिर में आनेवाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो।

**गांव में ही मिल गया रोजगार : सुशांति व बुदेश्वरी देवी :** मंदिर के पास पूजा सामग्री की दुकान लगाने वाली महिलाओं का कहना है कि मंदिर के बन जाने से सरसा गांव बेहतर पर्यटन स्थल के तौर पर खुद को स्थापित कर रहा है। हर रोज काफी संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं। इससे कमाई अच्छी हो जाती है।

